
आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व अर्धवार्षिक परीक्षा (2025-26)
अभ्यास पत्र
विषय- हिंदी

दिनांक ः 1 सितंबर 2025 कक्षाः चतुर्थ
समय ः 2 घंटे कुल अंक ः 50
अनुक्रमांकः नामः

सामान्य निर्देश- 1) इस कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ, 4 भाग और कुल 11 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | 5 |
| प्रश्न 1 | नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>माता-पिता बच्चों के आदर्श होते हैं। वे जैसा व्यवहार करते हैं ,जिस भाषा में बोलते हैं,बच्चे भी वैसा करते हैं। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। उन्हें जिस आकार में ढालो, वे ढल जाते हैं। जिस तरह गीली होने के कारण मिट्टी को मनचाहा आकार दिया जा सकता है,एक आकार पसंद न आने पर दूसरा आकार बदला जा सकता है,उसी प्रकार बच्चों को संस्कार दिए जा सकते हैं। उनकी गलत आदतें बदली जा सकती हैं। संस्कारशील माता-पिता की संतानें भी संस्कारशील होती हैं। महात्मा गांधी के सत्य -प्रेम ,अहिंसा,त्याग और भक्ति के मूल में उनके माता-पिता दवारा दिए गए संस्कार थे। | |
| | 1) माता-पिता किनके आदर्श होते हैं ?<br>क) लोगों के ख) बड़ों के ग) बच्चों के घ) प्रेम के | |
| | 2) माता-पिता की किस बात का बच्चों पर प्रभाव पड़ता है ?<br>क) व्यवहार का ख) एक नौकर ग) एक मंत्री घ) एक दरबारी | |
| | 3) बच्चों को किस मिट्टी के समान कहा गया है ?<br>क) लाल मिट्टी ख) संस्कारी मिट्टी ग) गीली मिट्टी घ) चिकनी मिट्टी | |
| | 4) महात्मा गांधी में उनके माता -पिता दवारा दिए हुए संस्कार कौन- कौन से थे? | |
| | (ङ) दिए गए शब्दों के विलोम गदयांश में से ढूँढकर लिखिए।<br>(क) असत्य (ख) सूखी (ग) नापसंद | |
| | भाग -ख भाषा कौशल | 20 |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>(क) राहुल के पिताजी ने गेंद ----------------।<br>(ख) खाने से पहले अपने हाथ ------------ चाहिए।<br>(ग) मैं जर्मन भाषा --------------- रहा हूँ। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) हलवाई ने समोसे ----------------- ।<br>(ङ) हवा के चलने से पेड़ के पत्ते ___________ ।<br>(च) बच्चे को बाज़ार ___________ । | |
| प्रश्न 3 | चित्र देखकर उचित क्रिया शब्द लिखिए।<br>(क)  (ख)  (ग)   | |
| प्रश्न 4 | रिक्त स्थान में उचित संज्ञा शब्द भरें।<br>(क) मैंने ___________ को कपड़े प्रेस करने को दिए।<br>(ख) एक बड़ा -सा चूहा___________ में घुस आया।<br>(ग) ___________ ने मुरगी को दाना खिलाया।<br>(घ) पुलिस ने ___________ को पकड़ लिया।<br>(ङ) बगीचे की ___________ देखकर मन खुश हो गया। | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) <u>सड़क</u> के किनारे <u>बच्चा</u> बैठा था।<br>(ख) पिताजी अपने <u>बचपन</u> में बहुत शरारती थे ।<br>(ग) <u>माँ</u> ने <u>सामान</u> खरीदने के बाद दवाई ली।<br>(घ) नए साल की <u>सजावट</u> बहुत अच्छी थी ।<br>(ङ) आज हम <u>अक्षरधाम</u> घूमने जाएँगे। | |
| प्रश्न 6 | दिए गए शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) शिक्षक (ख) गिरि (ग) उल्लास (घ)संध्या | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | **20** |
| प्रश्न 7 | कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>भोजन में हो खूब सलाद<br>इसका है अपना अंदाज़ ,<br>मूली, टमाटर, गाजर खाना<br>पालक को भी भूल न जाना ,<br>भुंजा सत्तू नियमित खाएँ<br>वैद्य- हकीम घर ना आएँ। | |

| | | |
|---|---|---|
| | क) भोजन में किस चीज़ का अपना अंदाज़ है?<br>ख)नियमित रुप से क्या खाना चाहिए?<br>ग) भुंजा सत्तू खाने से क्या होगा ?<br>घ) पंक्तियों में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढ़कर लिखिए। | |
| प्रश्न **8** | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क) महाबली का राज्य पृथ्वी स्वर्ग और ____________ तक फैला हुआ था।<br>(ख) महाविष्णु ने ____________ की प्रार्थना स्वीकार कर ली।<br>(ग) वाह !सचमुच दुनिया कितनी ____________ है।<br>(घ)घोंघा ____________ मौसम में अधिक दिखता है। | |
| प्रश्न**9** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में दें।<br>(क) घोंघे को मैदान व पेड़ कैसा लगा?<br>(ख) घोंघे ने पहली बार किसे देखा था वह जीव कैसा था?<br>(ग)“ताज़ा खाना हरदम खाओ, नहीं बहाना कभी बनाओ।”इस पंक्ति के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है?<br>(घ) ओणम का त्योहार कब मनाया जाता है और कौन सी दौड़ आयोजित की जाती है ? | |
| प्रश्न**10** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) क्या देखकर घोंघे को माँ की बात याद आती थी?<br>(ख) हमें भूख से अधिक खाने पर पछताना क्यों पड़ता है? | |
| | भाग- घ लेखन कौशल | |
| प्रश्न**11** | दिए गए विषय पर **10-12** पंक्तियों में अनुच्छेद लिखें।<br>गणतंत्र दिवस | **5** |